Title: Regarding need to supply electricity to Maharashtra from National Grid to mitigate the hardships being faced by farmers of the State − Laid.

श्री सुरेश रामराव जाधव (परभनी): महाराट्र में बिजली की कमी के कारण किसानों की हालत बहुत खराब है। भारी मात्रा में लोड शेडिंग के कारण किसान अपने खेतों में सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। इस समय रबी की बुआई का मौसम जोरों पर है तथा किसानों को बिजली की नियमित आपूर्ति न होने के कारण किसान बहुत परेशान हो रहे हैं। दूसरी ओर राज्य सरकार उन पर बिजली के बिलों की तुरंत भुगतान करने के लिये कह रही है तथा जो ऐसा करने में असमर्थ हैं उनकी बिजली काटी जा रही है। इसी विाय को लेकर 6 नवम्बर को किसानों ने चक्का जाम आंदोलन किया था तथा किसान बहुत अधिक उग्र तथा क्रुद्ध हैं।

अतः मेरा इस माननीय सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वह तुरन्त हस्तक्षेप करे तथा महाराट्र के किसानों को नियमित और पर्याप्त मात्रा में बिजली की पर्याप्त आपूर्ति नेशनल ग्रिड से सुनिश्चित कराने के साथ साथ उनके बिजली के बिलों के भुगतान को भी कुछ समय के लिए स्थगित करवाए।

*Treated as laid on the Table of the House.